# जेवर और टप्पल के बीच विमान मरम्मत केंद्र बनेगा

अलीगढ़ | संवाददाता



जिले के विकास में एक ओर कड़ी जुड़ने जा रही है। जेवर और टप्पल के बीच में सीएम योगी आदित्यनाथ ने हवाई जहाज मरम्मत केंद्र यानी वर्कशॉप खोलने की मंशा जाहिर की है।

**एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की पढ़ाई का निर्देशः** जेवर में बन रहे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिहाज से यह प्रोजेक्ट बेहद महत्वपूर्ण होगा। इधर, इस प्रोजेक्ट को ध्यान में रखते हुए सीएम ने राजा माहेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय में डिफेंस एंड एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराने का निर्देश दिया है। बीएससी इन डिफेंस एंड एयरोस्पेस के नाम से यह कोर्स संचालित होगा।

14 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ आए। उन्होंने राज्य विवि के लिए तलाशी गई जमीन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री इसके बाद सर्किट हाउस में पहुंचे। यहां अलीगढ़ और आगरा मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।